02/10/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री एक असाधारण राजनेता थे, जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने कठिन समय में भी देश को मजबूत बनाया।

0000000000000000000000

पूरे देश के साथ ही आज राज्य के विभिन्न जिलों में महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती और स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। जिसके तहत पापुम पार जिले के युपिया में सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। उधर लोअर सुबानसिरी जिले में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए सामूहिक सफाई अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह, अरुणाचल प्रदेश की 2 बटालियन NCC के कुल 550 कैडेट्स द्वारा आज तावांग, वेस्ट कामेंग, बिछोम और ईस्ट कामेंग जिलों में गांधी जयंती के अवसर पर सामुहिक सफाई अभियान में भाग लिया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक एवं मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज ईटानगर स्थित गांधी उद्यान में महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वे नीति विहार के गोल्डन जुबली बैंक्वेट हॉल में स्वच्छ भारत दिवस समारोह में भी शामिल हुए। राज्यपाल ने स्वच्छता और सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'स्वच्छता ही सेवा 2025' पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित भी किया। आकाशवाणी ईटानगर में भी आज गांधी जयंती का आयोजन किया गया।

0000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर सभी से अरुणाचल की अद्भुत जैव-विविधता की रक्षा और संरक्षण करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, घने जंगलों से लेकर बर्फ से ढकी चोटियों तक, अरुणाचल प्रदेश में दुर्लभ और अनोखी प्रजातियां पाई जाती हैं जो धरती को और समृद्ध बनाती हैं। श्री मेन ने कहा कि, इस प्राकृतिक विरासत की रक्षा करना सिर्फ़ हमारी ज़िम्मेदारी ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर भी है।

0000000000000000000000

राज्य के गृह मंत्री एवं वेस्ट कामेंग, बिछोम और तवांग जिलों के गार्ज्यन मिनिस्टर मामा नातुंग ने आज बोमडिला में डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में वेस्ट कामेंग और बिछोम के जिला प्रशासन के साथ एक समन्वय और समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों, राज्य योजना, CSS और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्रमुख योजनाओं के तहत चल रहे प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मंत्री ने विशेष रूप से जल जीवन मिशन योजनाओं और वेस्ट कामेंग एवं बिछोम जिलों में उनके कवरेज की समीक्षा की।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालीका जीवानी ने आज रुकसिन में एक क्राफ्ट पेपर बैग मशीन का उद्घाटन किया। यह मशीन गांधी जयंती के अवसर पर विधायक निनोंङ इरिंङ द्वारा रुकसिन के एसएचजी ग्रुप लेको लेकॉन लाई को प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एसएचजी समाज के लिए बहुत अच्छा काम कर रहें जो यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक बेहतरीन उदाहरण है।

0000000000000000000000

'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' का हिस्से के तहत दिबांग वैली जिला प्रशासन द्वारा आज आनीनी स्थित डिप्टी कमिश्नर कॉन्फ्रेंस हॉल में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के 23 प्रशिक्षु अधिकारियों यानी ट्रैनी ऑफ़िसर्स के लिए एक इंटरैक्टिव सेशन का

आयोजन किया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले में सिविल सेवा से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी उप्लब्ध कराना था।

0000000000000000000000

कुरुंग कुमे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक महीने का 'काछरा मेला 2025' आज कोलोरियांग में एक रंगारंग इंटर-स्कूल समारोह के साथ संपन्न हुआ। 10 स्कूलों के कुल 800 छात्रों ने सफाई और रचनात्मकता की थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर कुरुंग कुमे उपायुक्त चीचुंग चुहू ने कार्यक्रम में सभी के भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के आयोजन छात्रों और समुदाय दोनों में जिम्मेदारी और स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देते हैं।

0000000000000000000000

सीमा क्षेत्रों में युवाओं को सशक्त बनाना, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना के उद्देश्य से आयोजित 'प्राइम मिनिस्टर युथ कैंप एट बॉर्डर एरिया 2025' का तीसरा संस्करण आज तावांग जिले के कालावांगपो कन्वेंशन हॉल में संपन्न हुआ। राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर में 24 जिलों के अधिकारियों सहित कुल 271 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 15 जिलो तवांग, पाके केसांग, कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000